हृदय विदारक हादसा : मिट्टी धंसने से तीन की मौत, गांव में मातम

छुई निकालते वक्त पल भर में उजड़ा जीवन, मासूम बच्ची व किशोरी भी शामिल, पुलिस-प्रशासन की तत्परता से चला रेस्क्यू, घायलों को अस्पताल पहुंचाया

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जनवरी । जियावान थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी कुंदवार अंतर्गत ग्राम परसोहर में आज दिन रविवार को एक बेहद दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। गांव के समीप छुई मुरूम पोतने वाली मिट्टी निकालने के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से पांच लोग दब गए। यह घटना आज 25 जनवरी को लगभग 11:21 बजे की बताई जा रही है। हादसा

इतना अचानक था कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। उक्त घटना की पुष्टि एसडीओपी

देवसर गायत्री तिवारी ने की है।

जियावन पुलिस के अनुसार महिलाएं एवं बालिकाएं खुरपी लेकर छुई निकालने गई थीं। इसी दौरान मिट्टी का बड़ा हिस्सा धंस गया और सभी लोग उसके नीचे दब गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों, सरपंच परसोहर एवं पुलिस की तत्परता से तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। मिट्टी में दबे लोगों को बाहर निकाला गया, जिसमें दो महिलाएं बेहोशी की हालत में मिलीं, जबकि दो बालिकाओं और एक महिला की

मौके पर ही मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही चौकी कुंदवार व थाना जियावन पुलिस मौके पर पहुंची। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए जेसीबी मशीन मंगाई गई। थाना जियावन, बरगवां एवं चौकी कुंदवार के पुलिस बल की मौजूदगी में समन्वित रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया तथा घटनास्थल पर कानून-व्यवस्था व जनसुरक्षा सुनिश्चित की गई। इस हादसे में घायल कौशल्या सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम परसोहर एवं सकमुनि सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी

चंद्रेह का अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं मृतकों में 10 वर्षीय प्रीति सिंह, 16 वर्षीय बसंती दोनों निवासी ग्राम हर्रहवा तथा 50 वर्षीय फुलमती यादव निवासी बंधा शामिल हैं। मासूम बच्ची और किशोरी की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल स्थिति सामान्य है। पुलिस द्वारा शव पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

इस हृदयविदारक हादसे ने एक बार फिर असुरक्षित तरीके से मिट्टी निकालने के खतरों को उजागर कर दिया है। ग्राम परसोहर सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर है और हर आंख नम हैं।

मृतकों को दो-दो लाख की सहायता, सचिव सस्पेंड

ग्राम पंचायत परसोहर क्षेत्र में आज हृदय विदारक घटना में दो बालिका समेत तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो महिलाएं घायल हो गई हैं। इस घटना के बाद मृतक महिला तथा बालिकाओं के परिजनों को शासन की ओर से कलेक्टर द्वारा रेडक्रॉस की तरफ से 2-2 लाख रुपयें की आर्थित सहायता प्रदाय की गई है। सचिव सतीश द्विवेदी ग्राम पंचायत बंधा द्वारा मृतक व्यक्ति का संबल योजनान्तर्गत पूर्व पंजीयन न होने के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा निलम्बन किया गया है। आरोप है कि सचिव ने घोर लापरवाही बरती है। जिसके चलते पंचायत सचिव पर कार्रवाई की गई है।

घटना स्थल पर जायजा लेने पहुंचे विधायक

परसोहर में दो बालिकाओं समेत तीन महिलाओं की हुई दर्दनाक मौत के बाद घटना की जानकारी मिलते ही सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक तत्काल घटनास्थल पहुंच आज तहसील देवसर के ग्राम परसोहर में छूही खदान धसने से 3 लोगों की असामयिक मृत्यु एवं 2 लोगों के घायल होने की अत्यंत हृदय विदारक सूचना प्राप्त होने पर शीघ्र स्थल पर पहुँचकर मृतकों के परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की तथा ढाढ़स बंधाया, साथ ही चिकित्सकों से घायलों के शीघ्र एवं समुचित उपचार की व्यवस्था करने के लिए कहा। साथ ही प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अधिकारियों से बात किया और घायलों को बेहतर इलाज मिले, इसके लिए कलेक्टर एवं सीएमएचओ से भी फोन पर बात की।

एक नजर में

कलेक्ट्रेट में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

सिंगरौली। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर कलेक्टर गौरव बैनल कलेक्ट्रेट परिसर में प्रात: 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। संबंधितजनों को नियत समय पर उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

गणतंत्र दिवस पर मदिरा की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

सिंगरौली। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिले में मदिरा की बिक्री के प्रतिबंध के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर गौरव बैनल ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार कल दिन सोमवार 26 जनवरी को सम्पूर्ण दिवस जिले की सभी देशी तथा विदेशी मदिरा की दुकानें तथा देशी-विदेशी मदिरा गोदाम बंद रहेंगे। गणतंत्र दिवस पर मदिरा का क्रय-विक्रय तथा परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने पुलिस तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों को प्रतिबंध का कठोरता से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

शासकीय भवनों पर की गई आकर्षक रोशनी

सिंगरौली। राज्य शासन ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों पर 25 एवं 26 जनवरी को रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था करने के दिशा-निर्देश दिये। उक्त निर्देश के परिपालन में सिंगरौली जिले के कलेक्ट्रेट भवन सहित सभी शास. भवनो एतिहासिक स्थलो को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

जनपद एवं ग्राम पंचायतों में फहरेगा तिरंगा

सिंगरौली। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में तिरंगा फहराया जाएगा।

आन बान शान के साथ राज्यमंत्री राधा सिंह आज फहराएंगी तिरंगा

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह बैढ़न स्टेडियम में होगा आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जनवरी । गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राधा सिंह सुबह 8:58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी। मुख्य अतिथि प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगी । राज्यमंत्री सुबह 9:25 बजे से मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। इसके बाद समारोह में आकर्षक परेड और मार्चपास्ट किया जाएगा। इसके बाद मुख्य अतिथि राज्यमंत्री परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंगी। समारोह में प्रात: 10:20 बजे से विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी । इसके बाद समारोह में विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियाँ प्रदर्शित की जाएंगी। समारोह में मुख्य अतिथि प्रात प्रात: 11:30 बजे श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेंगी। इसके बाद मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सीएम राईज विद्यालय हिर्रवाह में आयोजित जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगी। गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर निगम के अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में शाम 6:30 बजे से भारत पर्व का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

विशेष भोज में शामिल होंगी राज्यमंत्री:- गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन सीएम राईज विद्यालय हिर्रवाह में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जा रहा है। इसमें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री राधा सिंह विद्यार्थियों के साथ मध्यान्ह भोजन करेंगी। विशेष मध्यान्ह भोजन में जन प्रतिनिधिगण एवं अधिकारी गण भी मौजूद होंगे।

हमारे देश की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था विश्व की सर्वश्रेष्ठ शासन व्यवस्था : संजीव

16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया, एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवक पुरस्कृत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जनवरी । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सिंगरौली में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने कहा कि हमारे देश में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था है। यह विश्व की सर्वश्रेष्ठ शासन व्यवस्था है। लोकतंत्र में सबकी जवाबदेही जनता के प्रति होती है। मतदाता ही लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। हर पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराकर मतदान करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में योगदान दें। मतदान करके हम अपनी इच्छा के अनुसार जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। जनहित के सर्वाधिक कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था में ही होते हैं। हर मतदाता अपने मत का महत्व समझें और मतदान करें, इसी उद्देश्य से मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम शामिल कराए और मतदान करें। मतदाता के रूप में अपने कर्तव्य का हर मतदाता निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य की प्रक्रिया मतदाता सूची बनाने से शुरू होती है जो मतगणना पर समाप्त होती है। इस प्रक्रिया को पूरा करने में हजारों अधिकारी और कर्मचारी पूरे मनोयोग से कार्य करके सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि 18 साल का होने पर मतदान का अधिकार मिलता है। इसके साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस बैंक में खाता खुलवाने सहित अन्य कई अधिकार भी मिलते हैं।

सभी युवा मतदाता मतदान करके लोकतंत्र के विकास में योगदान दें। समारोह के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर ननि आयुक्त सविता प्रधान, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, तहसीलदार सविता यादव, जान्हवी शुक्ला, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रैला धर्मकांटा के पास निजी हेलीपैड पर उतरे गौतम अडानी

पावर प्लांट से जुड़ी परियोजनाओं का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जनवरी । जिले के रैला धर्मकांटा के समीप बने निजी हेलीपैड पर उद्योगपति गौतम अडानी का आगमन हुआ। उनके पहुंचते ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई। हेलीपैड से उतरने के बाद वे काफिले के साथ कार से अदाणी पावर प्लांट के लिए रवाना होने की तैयारी करते नजर आए। वहीं परियोजना के अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान मौके पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। जिला पुलिस, विशेष सुरक्षा दल और प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। सूत्रों के अनुसार गौतम अडानी का यह दौरा पावर प्लांट से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा और अधिकारियों के साथ बैठक के उद्देश्य से बताया जा रहा है। उनके आगमन से क्षेत्र में हलचल बढ़ गई और लोग एक झलक पाने के लिए मार्ग के किनारे जमा हो गए। हेलीकाप्टर को लैण्ड होते देख लोगों की उत्सुक्ता बढ़ गई और बच्चे भी दूर से ही हेलीकाप्टर को देखते नजर आये।

पोड़ी-नौगई में बेदखली की कार्रवाई के लिए आरआई समेत 14 पटवारियों का दल गठित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जनवरी । सिंगरौली तहसील क्षेत्र के ग्राम पोड़ी-नौगई की आराजी क्रमांक 1 रकवा 2.4 हे. के अंश भाग पर अतिक्रमण हटाने के लिए 7 जनवरी को बेदखल आदेश जारी किया गया था। तहसीलदार ने बेदखली कार्रवाई के लिए आरआई समेत 14 पटवारियों का एक दल गठित किया है।

जानकारी के अनुसार तहसीलदार सिंगरौली ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें ग्राम पोड़ी के आराजी क्रमांक 1 रकवा 2.40 हे. म.प्र. शासन (नदी) की भूमि पर सरहदी कास्तकार कासिम हुसैन पिता अब्दुल रऊफ द्वारा नदी के अंशभाग पर अतिक्रमण हटाये जाने के लिए 7 जनवरी को बेदखल करने का ओदश जारी किया गया है। साथ ही तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक के साथ 13 पटवारियों का एक दल भी गठित किया है। राजस्व निरीक्षक वीरेन्द्रनाथ चतुर्वेदी दल प्रभारी हैं, जबकि रामजनम साकेत, राहुलदास साकेत, पूजा त्रिपाठी, सरिता तिवारी, स्मिता सिंह, अजय त्रिपाठी, कुन्दन सिंह, जितेन्द्र सिंह, जयगंगे, रामकृष्ण तिवारी समेत अन्य शामिल रहे।

आने वाली पीढ़ी को संस्कार देने की जरूरत है : राधा सिंह

चितरंगी में धूमधाम के साथ मनाया गया जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

नवभारत न्यूज

चितरंगी 25 जनवरी । विकासखंड चितरंगी में सेन समाज विकास संगठन के तत्वाधान में भारत रत्न एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राधा सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामरतन सेन ने की।

समारोह का शुभारंभ जननायक कर्पूरी ठाकुर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज का समय डिजिटल युग का है, जिसमें सोशल मीडिया का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर मौजूद नकारात्मक और भ्रामक सामग्री से विशेषकर किशोर अवस्था के बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में समाज की जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार दिए जाएं, जिससे एक सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण हो सके। विशिष्ट अतिथि डॉ. आईएमपी वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कर्पूरी तेरा मिशन अधूरा, सेन समाज करेगा पूरा, हमे आज कर्पूरी ठाकुर जी के जयंती कार्यक्रम में यह संकल्प लेना जाना चाहिए कि कर्पूरी ठाकुर फार्मूला लागू हो सके । वहीं मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष लालभइया सेन, प्रेमनारायण सेन, संभागीय अध्यक्ष बृजेश सेन अन्य ने संबोधित किया।

अचानक मौसम में हुआ परिवर्तन, आसमान में बादल

गलन बढ़ी, सर्द हवाओं का दौर जारी, कोहरे का भी दिखा असर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जनवरी । आज दिन रविवार की अल सुबह से लेकर 10 बजे कोहरे का कहीं तेज तो कहीं कम प्रभाव दिखा। वहीं सूर्य देवता भी पूरे दिन लुकाछिपी का खेल खेलते रहे। मौसम के अचानक करवट बदलने से ठिठुरन बढ़ गई है। आज का अधिकतम तापमान 22 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा है।

दरअसल करीब एक सप्ताह से धूप तीखी लग रही थी और रात में गलन बढ़ गई थी। आज दिन रविवार की सुबह से ही कई अंचल देवसर, चितरंगी, सरई, माड़ा में कोहरे का असर दिखा और इस बीच सूर्य देवता के दर्शन भी नही हो रहे थे। 10 बजे के बाद सूर्य देवता लुकाछुपी का खेल खेलते रहे। इस दौरान गलन भरी हवा भी चल रही थी। दोपहर बाद ठिठुरन और ज्यादा बढ़ गई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि ठिठुरन और बढ़ेगी। साथ ही कोहरे का भी असर दिख सकता है। ग्रामीण अंचलों में ठण्ड ज्यादा है।

कार्यालय कलेक्टर
जिला सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/44/लोसेप्र/जि.दि.पु.के./2026 सिंगरौली, दिनांक 22/01/2026

-:द्वितीय निविदा सूचना:-

इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र एवं बालिका खुला आश्रय गृह बैढ़न की सुरक्षा हेतु सी.सी.टी.वी. आई.पी. कैमरा मय सेटप क्रय किया जाना है। जिस हेतु एम.पी.ई टेण्डर पोर्टल के माध्यम से 22.01.2026 से निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक व्यापारी/ विक्रेता/संस्था/निर्माता/अपनी निविदायें ऑनलाईन दिनांक 01.02.2026 तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 02.02.2026 को समय दोपहर 01.00 बजे समिति के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की शर्ते एवं सम्पूर्ण जानकारी https://mptenders.gov.in एवं जिले की वेबसाईट www.singrauli.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

उपसंचालक
सामाजिक न्याय
जिला सिंगरौली (म.प्र.)

करैला में विराट हिंदू सम्मेलन, ऐतिहासिक सहभागिता के साथ आयोजित

बच्चों की प्रस्तुतियों ने जीवंत किया राष्ट्रप्रेम, पर्यावरण और सामाजिक चेतना, पूजन, संस्कृति और विचारों से सशक्त हुआ सम्मेलन मंच

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जनवरी । सकल हिंदू समाज मंडल करैला के तत्वाधान में राष्ट्रीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पिपरखड़ परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन धूमधाम से किया गया। सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें केवल हिंदू समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। लगभग दो हजार से अधिक लोगों की सहभागिता ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया और सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात भारत माता पूजन, धरती माता पूजन, गो-पूजन एवं कन्या पूजन जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इन आयोजनों ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के प्रति लोगों में श्रद्धा और जागरूकता को और मजबूत किया। सम्मेलन के दौरान मंडल से जुड़े विद्यालयों के

विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों ने नाट्य, गीत और प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक एकता, पर्यावरण संरक्षण और भारत की स्वतंत्रता में क्रांतिकारियों के योगदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। मुख्य वक्ता के रूप में पूज्य पं. परिहारजी, पुजारी दिनेश कुमार शर्मा एवं मातृशक्ति की ओर से मीना कुमारी बैस मौजूद रहीं। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में समाज में एकता और समरसता बनाए रखने, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने तथा नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन पर विशेष जोर दिया। साथ ही परिवार को मजबूत बनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह, अनुशासन और सौहार्द का वातावरण बना रहा। यह विराट हिंदू सम्मेलन समाज को संगठित करने, सकारात्मक सोच विकसित करने और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी पहल के रूप में सामने आया, जो भविष्य में सामाजिक जागरूकता और रचनात्मक बदलाव की मजबूत नींव रखेगा।